## एक नजर में

### सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ एड्स जागरूकता कार्यक्रम

**मंदसौर।** सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय मंदसौर में विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स विषय पर जानकारी दी गई। इस दौरान जिला एड्स नियंत्रण समिति से राजेश रजक (सी.एस.ओ.) द्वारा एचआईवी संक्रमण के कारण, लक्षण, जांच, उपचार एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि एचआईवी एक ऐसा वायरस है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करता है, जबकि एड्स इस संक्रमण से उत्पन्न होने वाली बीमारी है। उन्होंने सुरक्षित यौन व्यवहार, सुई का सुरक्षित उपयोग, रक्त की जांच एवं जागरूकता को रोकथाम के प्रमुख उपाय बताया।

### मंदसौर के पहलवान हेमंत ग्वाला बने खेल शिक्षक



**मंदसौर।** मंदसौर के खेल जगत में एक ओर अध्याय जुड़ गया हैं। कुश्ती खेल के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं में मंदसौर का नाम गौरवान्वित कर चुके मंदसौर के हेमंत ग्वाला पहलवान प्रायमरी फिजिकल एज्युकेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर अब खेल शिक्षक बन गए हैं। पहलवान हेमंत ग्वाला के खेल शिक्षक बनने से अब खेलों को और ऊंचाईयां मिलेगी। हेमंत ग्वाला नरसिंह घाट रेसलिंग सेंटर के सीनियर पहलवान हैं। वे बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अब तक मंदसौर-नीमच केसरी, मंदसौर-नीमच कुमार केसरी एवं मप्र में वेट चेम्पियनशीप के खिताब जीतकर मंदसौर का नाम गौरवान्वित कर चुके हैं। हेमंत ग्वाला भाजपा दक्षिण मंडल के उपाध्यक्ष दिलीप ग्वाला के सुपुत्र हैं। वर्तमान में हेमंत ग्वाला प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रीडा विभाग में कार्यरत हैं। हेमंत ग्वाला को खेल शिक्षक बनने पर प्राचार्य जेएस दुबे, क्रीडाधिकारी राजू कुमार, कोच रवि अहिर, पवन ग्वाला, श्याम बम ग्वाला, राहुल सुराह, प्रदीप ग्वाला, अमित हांस, रवि हांस, गणपत धनगर सहित साथी खिलाड़ियों एवं नरसिंह घाट रेसलिंग सेंटर परिवार द्वारा बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

### पिपलियामंडी में विभिन्न कृषि जिंसों के भाव रहे स्थिर, लहसुन में हल्की तेजी

**पिपलियामंडी।** स्थानीय कृषि उपज मंडी पिपलिया में बुधवार को विभिन्न जिंसों की आवक सामान्य रही। अधिकतर जिंसों के भाव स्थिर बने रहे, जबकि कुछ जिंसों में मामूली तेजी-दरमियानी मंदी देखने को मिली। किसानों व व्यापारियों के अनुसार वर्तमान मौसम और बाजार की स्थिति के अनुसार आवक व मांग दोनों ही सामान्य स्तर पर बनी हुई है। मंडी में गेंहू के भाव 2200 से 2800 रुपये प्रति क्विंटल के बीच रहे। जौ का भाव 2450 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर रहा। मक्का के भाव 1300 से 2350 रुपये प्रति क्विंटल तक रहे, जिसमें गुणवत्ता के अनुसार अंतर देखा गया। चना 4700 से 5350 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका, जबकि मूंगफली 3500 से 4700 रुपये प्रति क्विंटल रही। उड़द के भाव 4000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल तक दर्ज किए गए। मसूर में हल्की तेजी के साथ भाव 6441 से 6630 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचे। सोयाबीन का भाव 2000 से 4300 रुपये प्रति क्विंटल रहा। सरसों और रावा 6000 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर रहे। अलसी 4720 से 7000 रुपये प्रति क्विंटल तक बिकी। धनिया का भाव 6000 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज हुआ। सबसे अधिक उतार-चढ़ाव लहसुन में देखने को मिला, जिसके भाव 1200 से 10000 रुपये प्रति क्विंटल तक रहे। मैथी के भाव 3800 से 4700 रुपये प्रति क्विंटल के बीच रहे। कुल मिलाकर, पिपलियामंडी में बुधवार को जिंसों के भाव सामान्य रहे। व्यापारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में मौसम और बाहरी बाजार की मांग के आधार पर दामों में हलचल देखी जा सकती है।

### मकान विवाद के कारण मारपीट करने वाले 03 आरोपीगण को कारावास

**नीमच।** श्रीमती अंकिता गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच द्वारा मकान बनाये जाने के विवाद के कारण मारपीट करने वाले आरोपी (1) राकेश पिता कैलाश चौधरी, उम्र-30 वर्ष, निवासी-ग्राम रावणरूण्डी, जिला नीमच को धारा 324 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 में 6 माह के साश्रम कारावास व कुल 6000रू अर्थदण्ड व धारा 323 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 में न्यायालय उठने तक के कारावास व 1000रू अर्थदण्ड तथा आरोपीगण (2) रोहित उर्फ लक्की पिता सुरेश टाक, उम्र-38 वर्ष, निवासी-इंद्रा नगर, जिला नीमच व (3) मदनलाल पिता बाबुलाल ग्वाला, उम्र-56 वर्ष, निवासी-माधवगंज मौहल्ला, जिला नीमच को धारा 323/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत न्यायालय उठने तक के कारावास एवं 1000-1000रू अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री विपिन मण्डलोई द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 03 वर्ष पूर्व दिनांक 19.01.2022 को सुबह के लगभग 09 बजे ग्राम ग्राम रावणरूण्डी स्थित फरियादिया रेखाबाई के घर के बाहर की हैं। फरियादिया रेखाबाई ने थाना नीमच सिटी पर उपस्थित होकर रिपोर्ट लिखाई कि घटना दिनांक को वह तथा उसके पिता जगदीश, माता गुडडीबाई व भाई अशोक घर के बैठकर आग जलाकर ताप रहे थे। उसी समय वहां पर आरोपी राकेश आया और उसने कहां की यह मकान बनाने के 10000रू देने पडेगे तो फरियादिया के पिता ने रूपये देने से मना किया, इस पर आरोपी बोला कि वह यहां का दादा हैं, इसलिए उसे रूपये देने पडेगें। इसी बात पर विवाद करते हुए आरोपी ने उसकी जेब से घासलेट की शीशी निकाली और जगदीश के पैर पर डालकर माचिस से आग लगा दी, जिससे जगदीश का पैर जलने लगा। फरियादिया व उसकी माता व भाई ने बीच-बचाव किया तो आरोपी राकेश ने दराते से फरियादिया पर हमला किया, जिससे फरियादिया के हाथ पर चोट आई। उसी दौरान आरोपी राकेश के काका मदनलाल व रोहित उर्फ लक्की वहां पर आ गये और उन्होने भी मारपीट की फिर वे सभी वहां से चले गयें। फरियादिया की रिपोर्ट पर से आरोपीगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा उनका मेडिकल कराया जाकर आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### निकायों, पंचायतों की प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे आपतियां आमंत्रित

**नीमच।** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकायों, पंचायतों की फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची 2025 का प्रकाशन 8 अक्?टूबर 2025 को किया जा चुका हैं। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में 8 से 17 अक्?टूबर 2025 तक प्रात: 10:30 से अपरान्ह 3:00 बजे तक दावे आपत्ति प्राप्त किये जा रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीमच श्री बी.एस.कलेश ने बताया, कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र के समस्त मतदाता संबंधित ग्राम पंचायत पर तथा नगरीय क्षेत्र के समस्त मतदाता नगरीय निकाय के वार्ड के मतदान केन्द्रों पर जाकर अपने नाम की जांच प्रारूप मतदाता सूची 2025 में कर सकते हैं। 01 जनवरी 2025 की स्थिति में नाम जोड़ने, विलोपित, संशोधित करने के संबंध में संबंधित प्राधिकृत कर्मचारी से फार्म प्राप्त कर निर्धारित समयावधि में जमा करवा सकते हैं।

### हार्टिकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत प्रविष्टियां आमंत्रित

**नीमच।** राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (ह।।क्क) द्वारा हार्टिकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके तहत मुख्य उद्यानिकी फसलों जैसे-टमाटर, प्याज, आलू, पत्ता गोभी, फूल गोभी, भिण्डी, बैंगन, कद्दुवर्गीय, नींबू वर्गीय, लहसुन, धनिया तथा वैकल्पिक फसलें जैसे-स्कवेस, कटहल, बीन्स, सुरजना एवं चुकन्दर आदि को चयनित किया गया है। क्लस्टर निर्माण की क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में पात्र संस्थाएं संघ, सहकारी समितियां, पार्टनरशिप फर्म, संगठन, जिनका फार्म गेट मूल्य 100 करोड़ तक हो आवेदन कर सकते हैं। आवेदक संस्था को 20 प्रतिशत अश स्वयं वहन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए कलेक्टर कार्यालय कक्ष क्रमांक 61 कार्यालय उप संचालक उद्यान जिला नीमच में सम्पर्क किया।

## नगर में बनने जा रहा अत्याधुनिक बस स्टैंड, स्वीकृति जारी

▸ **मंदसौर को मिली बड़ी सौगात**

सुधीर शर्मा

**मंदसौर। शहरवासियों के लिए एक बड़ी राहतभरी खबर सामने आई है। प्रदेश सरकार ने मंदसौर नगर में आधुनिक सुविधाओं से लैस नए बस स्टैण्ड निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। लगभग ?42 करोड़ की लागत से बनने वाला यह बस स्टैण्ड क्षेत्र का सबसे आधुनिक यात्री केंद्र होगा।**

परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस परियोजना में यात्रियों के लिए वातानुकूलित प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय, फूड कोर्ट, पार्किंग, सीसीटीवी निगरानी व डिजिटल टिकटिंग जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। साथ ही, नगर के ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए बस स्टैण्ड को वर्तमान स्थान से हटाकर शहर की बाहरी परिधि में बनाया जाएगा, जिससे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात सुगम रहेगा।

जनप्रतिनिधियों ने इस स्वीकृति को मंदसौर के लिए विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। आने वाले समय में इसका शिलान्यास मुख्यमंत्री के हाथों होने की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों में भी इस खबर को लेकर उत्साह का माहौल है।

## भारतीय शिक्षा पद्धति को आत्मसात करने का समय -सुधांशु त्रिवेदी

▸ **जयपुर में शैक्षिक महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न, मंदसौर से भी प्रतिनिधियों ने दी सहभागिता**




**मंदसौर। भारतीय शिक्षा और संस्कृति को पुन: मुख्यधारा में लाने का समय आ गया है। यह बात राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने जयपुर में आयोजित अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (ऋक्कस्रू) के 9वें राष्ट्रीय अधिवेशन में कही। उन्होंने कहा कि अब मैकाले और मार्क्स के प्रभाव से मुक्त होकर भारतीय जीवन एवं शिक्षा पद्धति को अपनाने की आवश्यकता है।**

उन्होंने युवाओं को सरकारी नौकरियों के पीछे भागने के बजाय स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। रक्षा, ऊर्जा और तकनीकी क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता के उदाहरण देते हुए उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे भारतीय इतिहास, संस्कृति और मूल्यों का सही स्वरूप बच्चों तक पहुंचाएं।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश सोनी ने भारतीय शिक्षा की अवधारणा और शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला। अधिवेशन में मंदसौर जिले से मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के कई पदाधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की।

## ग्राम नंदावता में छात्र-छात्राओं को तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी



**मन्दसौर। तंबाकू शिक्षण संस्थान को लेकर मन्दसौर जिले के गांव नंदावता में शा.उ.मा.वि. में तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में वरिष्ठ पत्रकार श्री ब्रजेश जोशी, प्राचार्य वजेराम बामनिया, सदस्य जिला तंबाकू नियंत्रण समिति/प्रदेश अध्यक्ष मजदूर कल्याण समिति करण सिंह परिहार, छात्र-छात्राओं को जागरूकता किया गया।**

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि तंबाकू के हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए तंबाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, अस्थमा, लकवा, श्वास संबंधित बीमारी और होने वाले आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया गया कि शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचना अपराध है. उल्लंघन करने पर 1000 का जुर्माना, तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 7 के अनुसार किसी भी तंबाकू उत्पादकों के पैकेट के मुख्य भागों पर 85 फीसदी हिस्से पर चित्रित स्वास्थ्य चेतावनी के बिना नहीं बेचा जा सकता है. उल्लंघन करने पर 5000 तक का जुर्माना तथा 2 वर्ष तक का कारावास या दोनों हो सकता है।

इस अवसर पर वरिष्ठ ब्रजेश जोशी, प्राचार्य श्री वजेराम बामनिया, सदस्य जिला तंबाकू नियंत्रण समिति/प्रदेश अध्यक्ष मजदूर कल्याण समिति करण सिंह परिहार, गोवर्धन लाल हाडा प्रदेश उपाध्यक्ष, गायत्री प्रसाद, नवीन कुमार चौहान प्रदेश मीडिया प्रभारी, सह प्रभारी दीपक भारतीय व शिक्षक छात्र-छात्राऐं उपस्थित हुए।

## रोटरी क्लब मंदसौर ने धूमधाम से मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

▸ **गरबा महोत्सव में पारंपरिक परिधानों में थिरके सदस्य, आकर्षक प्रस्तुतियों पर दिए गए विशेष पुरस्कार**



**मंदसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्थानीय हाटकेश्वर भवन में गरिमा एवं उल्लास के साथ भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। पारंपरिक परिधानों में सजे क्लब सदस्यों व अतिथियों ने गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को उत्सवमय बना दिया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों की रचनात्मकता और आकर्षक परिधानों के लिए विशेष पुरस्कार वितरित किए गए। विजेताओं में श्रीमती विनीता सिंघवी को बेस्ट दया भाभी स्टाइल, कपिल भंडारी को धर्मेंद्र स्टाइल, प्रेमेन्द्र चोरड़िया को ठुमका स्टाइल, नितिन सोनी को बेस्ट गरबा मेल, श्रीमती प्रीति जैन को बेस्ट गरबा फीमेल, सौरभ बाकलीवाल व श्रीमती निशा बाकलीवाल को बेस्ट ड्रेसअप कपल तथा ओमप्रकाश गौड़ को अर्ली कपल उपस्थिति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं सचिव कपिल भंडारी ने बताया कि शरद पूर्णिमा की शीतल चांदनी में पारंपरिक संगीत और रंग-बिरंगे परिधानों से सजा गरबा समारोह रोटरी क्लब की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करता है। कार्यक्रम में सहायक मंडलाध्यक्ष रोटे संजय गोठी, पूर्व अध्यक्षगण दिनेश जैन (सी.ए), सुधीर लोढ़ा, राकेश दोषी, राजेश सिंघवी, कनक पंचोली, राधेश्याम झवर, प्रमोद कीमती सहित बड़ी संख्या में दंपत्ति सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन का संयोजन हेमंत शर्मा ने किया, संचालन डॉ. ऋषि मेहता व सोनम मेहता ने संभाला तथा आभार सचिव कपिल भंडारी ने व्यक्त किया। समापन पर सभी सदस्यों ने सुस्वादु भोजन व अमृतमयी खीर का आनंद लिया।

## राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत रक्त परीक्षण एवं पोषण जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, यूथ रेडक्रॉस, रेड रिबन क्लब तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में, जिला चिकित्सालय के सौजन्य से 8 वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत एक दिवसीय ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं थैलेसीमिया परीक्षण शिविर तथा जिला स्तरीय पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. टी. के. झाला नें बताया कि यह शिविर महाविद्यालय के डे केयर केंद्र में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपना ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन स्तर एवं थैलेसीमिया परीक्षण कराया। जिन विद्यार्थियों में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गई, उन्हें जिला चिकित्सालय द्वारा आयरन की गोलियाँ वितरित की गईं।

## पोस्ता मंडी में हम्मालों पर अवैध वसूली का आरोप



**नीमच। शहर की पोस्ता मंडी एक बार फिर विवादों में घिर गई है। यहां किसानों ने हम्मालों पर माल तोलने के नाम पर अवैध वसूली करने का गंभीर आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि कृषि उपज मंडी में व्यापारी द्वारा पोस्ता की बोली लगाने और माल तोलने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, हम्माल उनसे जबरन पैसे वसूल रहे हैं। यह वसूली मंडी के स्थापित नियमों का सीधा उल्लंघन है।**

नियमानुसार, हम्मालों को माल तोलने का भुगतान प्रति बोरी के हिसाब से व्यापारी करते हैं, किसानों से कोई शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। इस अवैध उगाही से किसान खासे परेशान हैं और उन्होंने इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

वहीं, इस पूरे मामले को लेकर मंडी प्रशासन ने आरोपों को सिरे से निराधार बताया है। मंडी निरीक्षक समीरदास ने स्पष्ट किया कि मंडी में किसानों से किसी भी प्रकार की अवैध वसूली नहीं की जाती है।

उन्होंने बताया कि नीलामी शुरू होने से पहले ही मंडी परिसर में यह घोषणा करवाई जाती है कि किसान किसी भी व्यक्ति को कोई राशि न दें। मंडी निरीक्षक ने आश्वासन दिया कि यदि कोई हम्माल अवैध वसूली करते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ बिना किसी देरी के सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राम-भरत मिलाप के साथ हुआ दशहरा उत्सव का समापन

### शरद पूर्णिमा पर लंका दहन से शुरू हुई थी राम लीला, विजेताओं को सम्मान



**नीमच।** नीमच सिटी में दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम मंगलवार रात संपन्न हुआ। इसका समापन राम-भरत मिलाप और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ शानदार तरीके से हुआ।

उत्सव की शुरुआत शरद पूर्णिमा पर शिवनगर रावण रुंडी में लंका दहन के आयोजन से हुई थी, जो मुख्य रावण दहन से एक दिन पहले किया गया था।मुख्य रावण दहन के बाद, मंगलवार रात को सिटी के पीपली चौक में समापन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान राम-भरत मिलाप का मार्मिक दृश्य प्रस्तुत किया गया।दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष रामचंद्र धनगर (वार्ड क्र. 3 के पार्षद) और सचिव राकेश किलोरिया (वार्ड क्र. 1 के पार्षद) ने समारोह को संबोधित किया। उन्होंने भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बताते हुए कहा कि उनका अवतार समाज को मर्यादा का पाठ पढ़ाने और उच्च-नीच का भाव मिटाने के लिए था।

उन्होंने भाई भरत के लिए राजपाट छोड़ना और भीलनी के झूठे बेर खाने को इसके प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया। संबोधन के पश्चात, रावण दहन कार्यक्रम में भाग लेने वाले जूनियर और सीनियर स्वांग धारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। सीनियर वर्ग में राकेश किलोरिया (रावण) ने प्रथम, ओमप्रकाश शर्मा (शिवजी) ने द्वितीय, और अवधेश (राम) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।जूनियर वर्ग में पूर्वी प्रजापति (भारत माता) प्रथम रहीं, जबकि मानवी परमार (झांसी की रानी) ने द्वितीय और लदिव्यांश गहलोत (बालाजी) ने तृतीय स्थान हासिल किया।

**एक नजर** ▸ **अखंड सुहाग की कामना को लेकर करवा चौथ पर्व 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा**

## 40 कॉर्नर, टैगोर मार्ग पर मिट्टी के करवे,छलनी,पूजन सामग्री से सजी दुकानें



**नीमच।** सुहागिनों के लिए सबसे खास पर्व करवा चौथ जो सुहाग को समर्पित सबसे बड़ा पर्व करवाचौथ 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना के लिए प्रार्थना कर निर्जला उपवास रखेंगी।शहर में भी कई स्थानों पर सामूहिक करवा चौथ पूजन के आयोजन भी किए जाएंगे, जहां महिलाएं एक साथ मिलकर पूजा करेंगी और कथा सुनेंगी।रात में चंद्रमा दिखाई देने पर छलनी से चंद्रमा और फिर अपने पति का दर्शन करती है, उन्हें जल अर्पित करती है और उसके बाद व्रत खोलकर आशीर्वाद लेती हैं। इसी के चलते बाजारों में चहल- पहल बढ़ गई है।घरों से लेकर बाजार में इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। महिलाओं ने सजने-संवरने से लेकर आभूषणों तक की खरीदारी शुरू कर दी है।करवा चौथ को लेकर बाजारों में विशेष भीड़ नजर आ रही है। करवा चौथ पर होने वाले पूजन के लिए मिट्टी व शक्कर से बने करवा की दुकानें भी सज गई है। 40 कॉर्नर,टैगोर मार्ग, कुम्हार गली, कमल चौक सहित विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के बर्तनों की दुकानों,ठेलों पर मिट्टी से बने करवा सज गए है। महिलाएं इनकी खरीदारी कर रही है। वहीं ग्वालटोली सहित शहर में विभिन्न स्थानों पर संचालित हो रही है। दुकानों पर चीनी से बने करवा की भी बिक्री हो रही है।

**डिजाइनदार करवा कर रहे आकर्षित**-करवा चौथ पर पारम्परिक रूप से मिट्टी से बने करवा के उपयोग का अधिक प्रचलन है। घर-घर में महिलाएं करवा चौथ के दिन प्रमुखता से उपयोग करती है। बड़ी संख्या में बिक्री होने से कई डिजाइनों व रंगों में करवा उपलब्ध हो रहे है। बाजारों में जहां मिट्टी से बने सामान्य करवा उपलब्ध है, वहीं डिजाइनदार करवे भी महिलाओं को आकर्षित कर रहे है। मिट्टी बर्तन व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि कलात्मक व डिजाइनदार करवा कई स्थानों से बिक्री के लिए नीमच जिले सहित आसपास पहुंच रहे है।

### 40 से 50 रुपए प्रति नग

करवा चौथ को लेकर विभिन्न आकार, डिजाइन और रंगों में करवा की बिक्री हो रही है। मिट्टी बर्तन व्यवसाई नरेंद्र प्रजापति के अनुसार मिट्टी से बने सामान्य करवा 20 से 30 रुपए प्रति नग अनुसार बिक रहे है। वहीं डिजाइनदार कलात्मक करवा 40 से 50 रुपए प्रति नग अनुसार बिक रहे है। छलनी 50-60 रुपए में आ रही हैं। पूजन सामग्री 30 रुपए पैकेट हैं। इसके अलावा पुस्तक 10 और 20 रुपए में मिल रही हैं। वही शक्कर से बने करवा 30 से 40 रुपए प्रति नग अनुसार बिक रहा है।